Bharat Temples

शुकर सांवरे तेरा शुकर सांवरे,
ये जीवन रहा है,
ये जीवन रहा है गुजर सांवरे,
शुकर साँवरे तेरा शुकर साँवरे,
शुकर सांवरे तेरा शुकर सांवरे।।

तर्ज बहुत प्यार करते है।

मैं जबसे तुम्हारी शरण में हूँ आया,
जो कुछ भी माँगा प्रभु तुमसे पाया,
ये तेरी कृपा का,
ये तेरी कृपा का असर सांवरे
शुकर साँवरे तेरा शुकर साँवरे,
शुकर सांवरे तेरा शुकर सांवरे।।

अगर मुझको मिलता ना तेरा सहारा,
ना जाने भटकता मै कहाँ मारा मारा,
ये जीवन गया है,
ये जीवन गया है सुधर सांवरे
शुकर साँवरे तेरा शुकर साँवरे,
शुकर सांवरे तेरा शुकर सांवरे।।

सेवक को तेरे ना कोई कमी है,
आँखों में तेरी कृपा की नमी है

सताये न चिंता,
सताये न चिंता फिकर सांवरे
शुकर साँवरे तेरा शुकर साँवरे,
शुकर सांवरे तेरा शुकर सांवरे।।

रोमी को जो भी हासिल नहीं है,
शायद वो उसके काबिल नहीं है,
मुझको मिला है तेरा,
मुझको मिला है तेरा दर सांवरे,
शुकर साँवरे तेरा शुकर साँवरे,
शुकर सांवरे तेरा शुकर सांवरे।।

शुकर सांवरे तेरा शुकर सांवरे,
ये जीवन रहा है,
ये जीवन रहा है गुजर सांवरे,
शुकर साँवरे तेरा शुकर साँवरे,
शुकर सांवरे तेरा शुकर सांवरे।।

Singer : Romi Ji

Source: https://www.bharattemples.com/shukar-sanwre-tera-shukar-sanware/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw